हाई स्कूल शिक्षक भर्ती के लिए योग्यता का नियम असंवैधानिक घोषित

एससी, एसटी, ओबीसी व दिव्यांगों को योग्यता में पांच प्रतिशत की छूट देने हाईकोर्ट के निर्देश

जबलपुर, एक्सप्रेस (ईएमएस)। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने शिक्षक भर्ती नियम 2018 के अंतर्गत हाई स्कूल शिक्षक भर्ती के लिए योग्यता के नियम को असंवैधानिक घोषित कर दिया। इसके साथ ही एससीटीई नियम के अनुरूप योग्यता 50 प्रतिशत व 45 प्रतिशत के आधार पर नियुक्ति की व्यवस्था दे दी। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए हैं कि एनसीटीई के नियमों को भूतलक्षी प्रभाव (बैकडेट) से लागू कर नियुक्ति प्रक्रिया को गति दे। इसी कड़ी में एससी, एसटी, ओबीसी और दिव्यांगों को योग्यता में पांच प्रतिशत की छूट प्रदान करने के निर्देश दिए गए। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि 2018 की चयन प्रक्रिया में नियुक्त हुए उम्मीदवारों को प्रभावित न किया जाए। वहीं 2023 की चयन प्रक्रिया के लिए राज्य

सरकार पूरक चयन प्रक्रिया अपनाए और उन सभी उम्मीदवारों को उसमें शामिल करे जो इस आदेश के तहत लाभ पाने के हकदार हैं। कोर्ट ने यह पूरी प्रक्रिया दो माह के भीतर पूर्व करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता भिंड निवासी अवनीश त्रिपाठी सहित प्रदेश के सैकड़ों अभ्यर्थियों ने याचिका दायर कर शिक्षक भर्ती नियम 2018 को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि सरकार ने उक्त भर्ती के लिए बीएड के साथ पोस्ट ग्रेजुएट में द्वितीय श्रेणी की योग्यता निर्धारित की थी। कोर्ट को बताया गया कि इससे उम्मीदवारों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में कुछ विश्वविद्यालयों में 45 प्रतिशत अंक को द्वितीय श्रेणी माना है, जबकि कुछ ने 50 प्रतिशत अंकों को इस श्रेणी में रखा है। इस कारण कई उम्मीदवार प्रभावित हो रहे थे। हाई कोर्ट ने कहा कि इस तरह का भेदभाव नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि एनसीटीई द्वारा सीनियर सेकेंडरी कक्षाओं के लिए निर्धारित योग्यताएं मध्य प्रदेश में हाई स्कूल शिक्षकों के लिए लागू होंगी।

गांजा तस्कर को 10 वर्ष का कारावास....

एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश सहित मुख्य शर्मा की अदालत ने गांजा तस्करी के आरोपित जबलपुर निवासी अनुज उर्फ मोनू गोंड़ का दोषी सिद्ध पाया। इसी के साथ 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुना दी। साथ ही एक लाख रुपये का जुर्माना तय दिया। अभियोजन की ओर से अधिवक्ता अभिषेक जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि सुर्खी मोहल्ला बेलबाग निवासी आरोपित को पुलिस ने 19 मार्च, 2024 को बेलबाग तिराहा रेवा बेकरी के पास से गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपित के पास से मिली थैली से 37 पैकटों में रखा 1 किलो गांजा बरामद किया था। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की थी। सुनवाई दौरान अदालत ने पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों को मद्देनजर रखते हुए आरोपित को सजा सुना दी गई।

डीआरएम के विरुद्ध जमानती वारंट निरस्त

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मंडल रेल प्रबंधक, डीआरएम जबलपुर के विरुद्ध पूर्व में जारी जमानती वारंट निरस्त कर दिया। इसी के साथ मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को नियत कर दी। मामला उत्तर प्रदेश निवासी अधिवक्ता हनमेन्द्र की याचिका से संबंधित है। जिसके अधिवक्ता मनोज चतुर्वेदी के अनुसार याचिकाकर्ता ने एक्सीडेंट में हाथ कर लाया। आरोपित को रीढ़ में चोट आई और उसे पर हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। इसके बाद वह दो बार दोबारा रेलवे अस्पताल में भर्ती हुई। इस मामले में याचिकाकर्ता के विरुद्ध भी एक अवमानना का मामला दर्ज नहीं है। इसके बावजूद उसे बार बार नोटिस जारी हुए थे, लेकिन अधिवक्ता नहीं आया। इसी रोष के चलते हाई कोर्ट ने डीआरएम के खिलाफ जमानती वारंट जारी कर दिया था। कोर्ट ने डीआरएम को निर्देश दिया था कि वे अगली सुनवाई के दौरान हाजिर होकर अपना पक्ष रखें। लेकिन इसके पूर्व ही डीआरएम की ओर से अधिवक्ता ने हाजिर होकर व्यक्तिगत रूप से कार्य किया, जिसके आधार पर जमानती वारंट निरस्त कर दिया गया।

निगमायुक्त ने किया सामुदायिक प्रसाधन केन्द्रों का निरीक्षण

जबलपुर, एक्सप्रेस (ईएमएस)। नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत शहर के सभी वार्डों में लगातार साफ-सफाई एवं नागरिकों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार संभागवार साफ-सफाई के साथ-साथ सार्वजनिक एवं सामुदायिक प्रसाधन केन्द्रों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव द्वारा संभाग क्रमांक 10 रीझी एवं संभाग क्रमांक 11 के बिलेहरी क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय सी.टी., पी.टी. का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उपायुक्त संभव अयाची, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, अर्जुन यादव, धर्मेन्द्र राज, पोला राव, उपयंत्री अभिषेक तिवारी आदि उपस्थित रहे। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सार्वजनिक एवं सामुदायिक प्रसाधन केन्द्रों की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का भी मुआयना किया और सारी सुविधाएँ स्थाई रूप से रखने के निर्देश प्रसाधन संचालकों एवं केयर टेकर को दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कभी भी स्वच्छता टीम के द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है, इस बात का सभी ध्यान रखें।

चांटे का बदला लेने युवक को मारी गोली

जबलपुर, एक्सप्रेस (ईएमएस)। गोल्लपुर थानांतर्गत समता कालोनी में कल दोपहर लगभग 3 बजे पुराने विवाद को लेकर पड़ौस में रहने वाले दो भाइयों ने एक महिला के साथ बेसबाल के डंडे से मारपीट की। इस दौरान बीच बचाव करने आये महिला के भाई से भी विवाद कर आरोपियों ने उस पर कट्टे से फायर कर दिया। घटना में युवक के सीने व दाहिने हाथ में दो गोलियां लगी है। घायल युवक को इलाज के लिए मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी हमलावर भाइयों की तलाश कर उन्हें अभिरक्षा में लिया गया है। गोल्लपुर थाना प्रभारी श्रीमती प्रतिभा मार्को ने बताया कि समता कालोनी शांति नगर निवासी श्रीमती पूजा चौधरी के भाई ओंकार चौधरी का कल पूजा के पड़ौस में रहने वाले दीपक चौधरी से विवाद हुआ था। अंकार ने दीपक को एक चांटा मार दिया था। कल दोपहर लगभग 3 बजे दीपक चौधरी व विस्सू चौधरी पूजा के घर के सामने आकर पुराने विवाद को लेकर गालीगलौज करने लगे। गालियां देने से मना करने पर दोनों भाईयों ने पूजा से झुमाझटकी कर उस पर बेसबाल के डंडे से हमला कर दिया। तभी बीचबचाव करने आये पूजा के भाई अंकर चौधरी से भी आरोपी उलझ गये और पुरानी रंजिश को लेकर उस पर कट्टे से फायर कर दिया। घटना में अंकर को एक गोली सीने व दूसरी हाथ में लगी है। घटना में शामिल आरोपी भाइयों दीपक चौधरी व विस्सू चौधरी को पुलिस ने दबोच लिया है।

झारिया मेहरा समाज का सम्मेलन 23 मार्च को

जबलपुर, (ईएमएस)। झारिया कल्याण संघ जबलपुर के तत्वावान में झारिया मेहरा समाज का वार्षिक सामूहिक सम्मेलन मानस भवन ओल्डटेरिटरी में दिनांक 23 मार्च को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ किया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान गुणवान कुशलियों को सम्मान से नुकि विवाह दहेज रहित सम्पन्न कराए जायेंगे। विवाह योग्य युवक युवतियों द्वारा परिचय मंच से परिचय दिया जाएगा। कक्षा 10वीं एवं 12वीं एवं इससे ऊपर कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक सम्मानित किया जाएगा। समाज की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा। झारिया कल्याण संघ जबलपुर के डॉ.एन.पी झारिया, मनोहर झारिया, संतोष मेहरा, संतोष झारिया, अजय झारिया, गोपाल डाहेरे, राकेश मधु व प्रसाद झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, मीठाराम झारिया, सरजार रामनिवास झारिया, डॉ मेहरा, रंजीत झारिया, डॉ आरसा झारिया, पृथ्वी झारिया, धनराम झारिया, आदि ने उपस्थिति की अपीलकी है।

मिलावट नहीं रोकने से प्रदेश में दूध की खपत घटी

विधानसभा में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट से खुलासा

जबलपुर, एक्सप्रेस (ईएमएस)। विधानसभा में 11 मार्च को प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट से खुलासा सामने आया है कि प्रदेश में दूध की खपत घट गई है। वह प्रति व्यक्ति 652 ग्राम रह गई जबकि पूर्व में वह हमेशा 100 ग्राम के ऊपर ही रहती थी। यह दूध में हो रहे जबरदस्त मिलावट को नहीं रोकने का खामियाजा है, यह बताते हुए उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे ने आज आयुक्त, खाद्य सुरक्षा विभाग भोपाल को पत्र भेजा है।

मिलावट से मुक्ति

डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि राज्य सरकार ने 9 नवंबर 200 से मिलावट से मुक्ति योजना शुरु की थी, लेकिन यह योजना अब ठप पड़ी है।

विशेष अभियान

राज्य सरकार प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को दिनांक 2 मार्च 2023 को निर्देश जारी कर मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान जारी करने को कहा था। इस अभियान के तहत कुछ दिन खास पदार्थों के सेंपल लिए गए, लेकिन इनके आधार पर अभी तक दोषियों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स

वर्ष 2021 में भारत सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने जबलपुर तथा प्रदेश के कई जिलों में मोबाइल खाद्य परीक्षण लेबोरेटरी प्रदान की थी, जो मौके पर जाकर मिलावट की जांच कर सके। जबलपुर में वर्ष 2023 के बाद ऐसी जांच सुस्त पड़ी है। मंच की सुशीला कर्नीजिया, माया कुशवाहा, गीता पांडे, उमा दाहिया, आदियों ने दूध मिलावट नहीं रोकने पर चिंता व्यक्त कर आंदोलन की घोषणा की है।

कई सिस्टम सक्रिय.....

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पूर्वी राजस्थान व उससे लगे हरियाणा पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है उत्तर-पश्चिमी मध्यप्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में भी एक चक्रवात है। इससे मराठवाड़ा तक एक द्रोणिका बनी हुई है। जिससे हवा का रुख बदला हुआ है और नमी आ रही है।

शक्तिपुत्र महाराज का आगमन आज

जबलपुर, (ईएमएस)। मगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ रिद्धाश्रम धाम के संस्थापक परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज का आज 20 मार्च गुरुवार को दोपहर 1:00 बजे जबलपुर नगर आगमन होगा। जबलपुर में गुरुदेव महाराज के प्रवासों से 25 हजार से अधिक लोगों को नशा मुक्त किया जा चुका है? गुरुदेव महाराज पाटनबायपास चुंगीनाका, दीनदयाल चौक से होते हुए गोल्डन टाउन पहुंचेंगे।

किसान पर हंसिया से हमला

जबलपुर, (ईएमएस)। मझौली थानान्तर्गत ग्राम महगवां में कल खेत में लगा चारा काटने से मना करने पर एक व्यक्ति ने गाली गलौज कर खेत मालिक पर हंसिये से जानलेवा हमला कर हाथ में गंभीर चोट पहुंचायी. मझौली पुलिस ने बताया कि महगवां सुधार नदी निवासी रामकांत राजपूत कल अपना ट्रैक्टर लेकर बटरी की गहाई करने जा रहा था। सुबह लगभग 10 बजे वह अपने खेत पहुंचा तो देखा कि खेत में बच्चू सिंह राजपूत चारा काट रहा था जिसे रामकांत ने चारा काटने से मना किया तो वह गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर बच्चू सिंह ने अपने हाथ में रखे हंसिए से हमला कर रामकांत की गर्दन में चोट पहुंच थी।

शहर का मौसम

तापमान अधिकतम- 34.8 (0)
न्यूनतम- 16.7 (-2)
पात-कात - 50 प्रतिशत
आर्द्रता सर्वाधिक - 40 प्रतिशत
सूर्योदय- प्रातः 6.13 बजे
सूर्यास्त - सायं 6.21 बजे

संभाग में कहीं-कहीं वर्षा या गरज चमक के साथ बौछारें

पुलिस कंट्रोल रूम-	2676100, 2676101 2676102
फायर ब्रिगेड-	101, 2610917,
विद्युत काल सेंटर -	1912
*अस्पताल-	
मेडिकल अस्पताल	2371252
विक्टोरिया अस्पताल	2661021
जबलपुर हास्पिटल	2406660
नेशनल हास्पिटल	2412612
जामवार हास्पिटल	2312133
मालूलाल हास्पिटल	2653973
समाधान हास्पिटल	2402937
एलगिन हॉस्पिटल	262052
अनेजा हास्पिटल	5006494
रेल्वे- पूछताछ-	131
पूछताछ रिकार्डेड	132
पूछताछ आरक्षण-	2630237
बस स्टेण्ड पूछताछ-	2405147
नि.शुल्क शव वाहन सेवा	2423306
संभागायुक्त-	2679300
पुलिस महानिरीक्षक-	2676103
नगर निगम आयुक्त-	2313052

सड़क दुर्घटना में दादी की मौत नातिन घायल

आश्रम जाते समय सहजपुर में हाईवा ने रौंदा

जबलपुर, एक्सप्रेस (ईएमएस)। शहपुरा थाना अंतर्गत सहजपुर खरखेड़ा गांव में एक तेज रफ्तार हाईवा की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी पोती घायल हो गई। हादसा बड़खेरा पंचायत से मिट्टी लेकर जा रहे हाईवा के चालक की लापरवाही से हुआ। जानकारी के मुताबिक, खुशी पटेल अपनी 60 वर्षीय दादी गोमाबाई के साथ स्कूटी पर सिद्धबाबा आश्रम दर्शन के लिए जा रही थी, तभी हाईवा ने उन्हें पीछे से टक्कर मारी। टक्कर के बाद महिला सड़क पर गिर गई और हाईवा का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया,

जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर शहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी हाईवा चालक को पकड़ लिया, जिसे बाद में पुलिस के हवाले किया गया। घायल खुशी पटेल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में ओवरलोड हाईवा वाहनों की तेज रफ्तार से अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। गांव के लोग कई बार अधिकारियों से इन वाहनों को रोकने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम कल

जबलपुर, (ईएमएस)। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम 21 मार्च को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया जाएगा। जिला आपूर्ति नियंत्रक नुजहत बानो बबाई ने बताया कि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन 15 मार्च को आयोजित किया जाना था, जिसे होली के त्यौहार में अवकाश होने की वजह से स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण से सम्बंधित विभिन्न क्रियाकलापों एवं जानकारियों का संचार करती आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

आसमान पर छाए बादल, रात में बरसे

पश्चिमी विक्षोप से करवट ले रहा मौसम

जबलपुर, एक्सप्रेस (ईएमएस)। पश्चिमी विक्षोभ के चलते एक बार फिर मौसम करवट ले रहा है। बुधवार को सुबह से ही बादलों की आवाजाही बनी रही। शाम को बादल छा गए थे। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटे के दौरान जिले में कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोप की वजह से तापमान स्थिर है। मौसम विभाग की मानें तो बुधवार से अगले 3 दिन तक जबलपुर सहित संभाग के जिलों में बादल बारिश के आसार हैं।

रात में मौसम सुहाना

बुधवार को बादलों के चलते रात में हल्की बारिश हुई। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम पारा 34.08 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य रहा, वहीं न्यूनतम तापमान 16.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। सेमिरातः 33.6 डिग्री दर्ज किया गया। इसके चलते रात को मौसम सुहाना रहा। हवा में नमी प्रातःकाल 50 प्रतिशत और

सायंकाल 46 फीसदी आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.13 पर और सूर्यास्त शाम 6.21 पर हुआ। गत्त वर्ष आज के दिन रात अधिकतम तापमान 32.04 और न्यूनतम 18.04 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटे के दौरान कहीं कहीं पानी की बौछारे या हल्की वर्षा के आसार हैं।

कई सिस्टम सक्रिय.....

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पूर्वी राजस्थान व उससे लगे हरियाणा पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है उत्तर-पश्चिमी मध्यप्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में भी एक चक्रवात है। इससे मराठवाड़ा तक एक द्रोणिका बनी हुई है। जिससे हवा का रुख बदला हुआ है और नमी आ रही है।

रेलवे ने बिना टिकिट 22 सौ यात्रियों से 15 लाख जुर्माना वसूला

जबलपुर रेल मण्डल में बिना टिकिट रेल यात्रियों की सघन धरपकड़

जबलपुर, एक्सप्रेस (ईएमएस)। जबलपुर रेल मंडल के स्टेशनों में सघन टिकिट चैकिंग अभियान चलाया गया? इस दौरान करीब 22 सौ यात्री बिना टिकिट यात्रा करते हुए पकड़े गए, जिनसे 15 लाख का जुर्माना वसूला गया? अकेले जबलपुर के मदनमहल स्टेशन में कड़ी नाकाबंदी कर 500 यात्रियों से 3 लाख जुर्माना वसूला गया। मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें मंडल में 2200 यात्रियों को पकड़कर उनसे लगभग 15 लाख रुपए का रेल राजस्व एकत्र किया गया। इसी कड़ी में बुधवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता एवं मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने के नेतृत्व में चल टिकट निरीक्षकों की टीम ने मदन महल स्टेशन पर विशेष किलाबंदी चेक लगाकर टिकट चैकिंग की गई। मदन महल स्टेशन पर सुबह 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक वाणिज्य विभाग के 36 टिकट चेकिंग स्टाफ की निगरानी में चलाये गए इस अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जाँच के स्टेशन के बाहर न जा सकें। इस जांच में आरपीएफ व जीआरपी का बल भी उपस्थित था। इस दौरान कुल 18 यात्री गाडियों को मदन महल स्टेशन पर रोककर लगभग 500 यात्रियों को पकड़कर उनसे 3 लाख रुपए का रेल राजस्व एकत्र किया गया। यात्री गाड़ियों में डेली अप डाउन करने वाले एम एस टी धारक आरक्षित कोचों में यात्रा करते हुए पकड़े गए, एवं अनियमित टिकट लेकर तथा अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वालों पर कार्यवाही की गई। इस जांच के दौरान ट्रेन न. 13202 जनता एक्सप्रेस, 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस, 12296 संघमित्रा एक्सप्रेस, 12577 दरभंगा-मैसूर एक्सप्रेस, 11062 पवन एक्सप्रेस, 12150 दानापुर-पुणे एक्सप्रेस सहित अन्य यात्री गाड़ियों को चेक करने के साथ ही अवैध वेंडरो, प्लेटफार्म पर आने वाले ऑटो चालक, बिना प्लेटफॉर्म टिकट लिए प्लेटफार्म पर घूमने वाले लोगों के साथ ही प्लेटफॉर्म में गंदगी करने वाले लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की भी जांच की गई। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि रेलवे द्वारा प्रारंभ किया गया यह जांच अभियान आगामी दिनों में भी विभिन्न स्टेशनों पर निरंतर चलेगा। यह जांच अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया कि सभी यात्री उचित टिकट के साथ यात्रा करें।

पमरे जीएम कार्यालय में मजदूर संघ का प्रदर्शन आज

जबलपुर, (ईएमएस)। न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस), यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) के खिलाफ रेल कर्मचारियों ने सहित देश के तमाम केन्द्रीय कर्मचारियों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। रेल मजदूर संघ के प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि संघ अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय व महामंत्री अशोक शर्मा के मार्ग दर्शन में एनएफआईआर के आह्वान पर एनपीएस, यूपीएस के खिलाफ व ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू करने समेत लम्बित ज्वलंत मांगो को लेकर वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा गत 1 मार्च से अखिल भारतीय विरोध सप्ताह (21 मार्च) तक पमरे के तीनों रेल मंडलों में आयोजित किया जा रहा। इसी कड़ी में आज 20 मार्च गुरुवार को महाप्रबंधक कार्यालय, पमरे, के समक्ष दोपहर 1.30 बजे से विरोध प्रदर्शन व यूपीएस के राजपत्र की प्रतियों की होली जलाकर आक्रोश व्यक्त किया जायेगा।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली

Adv.No.ICMR/DIR/01/2025 - RPCell

वैज्ञानिक पदों के लिए भर्ती सूचना

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन है, आईसीएमआर के विभिन्न संस्थानों/केंद्रों में निदेशकों की निम्नलिखित चार रिक्तियों के लिए, 7 अप्रैल, 2025 (विस्तारित) शाम 5.30 बजे तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 14 (रु. 1,44,200-2,18,200) (7 वें सीपीसी वेतनमान) और आईसीएमआर कर्मचारियों को सीधी भर्ती के तहत नियमित आधार पर नियुक्ति के लिए स्वीकार्य सामान्य भत्ते के साथ लागू।

क्रमांक	पदों का नाम	संस्थान/केंद्र
1.	निदेशक	आईसीएमआर-राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों पर कार्यान्वयन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर (एनआईआईआरएनसीडी)
2.	निदेशक	राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य संस्थान, अहमदाबाद (एनआईओएच)
3.	निदेशक	राष्ट्रीय जनजातीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, जबलपुर (एनआईआरटीएच)
4.	निदेशक	आईसीएमआर-राष्ट्रीय क्षय रोग अनुसंधान संस्थान (एनआईआरटी), चेन्नई

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया आईसीएमआर की वेबसाइट www.icmr.nic.in या https://recruit.icmr.org.in पर जाएं।

CBC 17152/11/0035/24 25

सहायक महानिदेशक (प्रशासन)

फॉर्म-जी

अनिवार्य की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

एमबीएल (एमपी) टोल रोड कंपनी लिमिटेड

मध्य प्रदेश राज्य के बालाघाट जिले की बारहिकलां लालबुर्रा सेक्शन में टोल रोड में संचालित

(विक्रय और सेवन व्यवस्था (सेल्फोर्ट व्यक्तियों के लिए विकल्पों संचालन प्रक्रिया) दिनांकवर्ती, 2016 के विनियम 3(ए) के उप-विनियम(1) के अधीन)

प्रारंभिक विवरण

1.	पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम	एमबीएल (एमपी) टोल रोड कंपनी लिमिटेड पैन : AAHCM5400G सीआईएन : U45204DL2011PLC226845
2.	पंजीकृत कार्यालय का पता	पंजीकृत पता: बानी कॉर्पोरेट हाउस, सुइट नंबर 303 सीनी नंबर, पीटी नंबर 5, जिला सेंट्रल पॉइंट, नई दिल्ली-110075 प्रधान कार्यालय: एमबीएल टोल रोड हाउस कॉर्पोरेट रोडहाउस, रामकोट-बारहिकलां लालबुर्रा, जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश - 481331.
3.	वेबसाइट का पुनरावलोकन	www.cirpcfmblmptollroad.com
4.	उक्त स्थान का विस्तार पता अथवा संपत्तियों का संक्षुब्ध विवरण है	एमबीएल टोल प्लाजा हाउस कॉर्पोरेट रोडहाउस, रामकोट - बारहिकलां लालबुर्रा, जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश- 481331.
5.	कॉर्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की संक्षिप्त जानकारी	कॉर्पोरेट देनदार पंजीकृत के मध्य प्रदेश में बारहिकलां-लालबुर्रा सड़क के संचालन और रखरखाव में टोल प्लाजा ऑपरेटर के आधार पर लगा हुआ है।
6.	पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य	वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक राजस्व 3.79 करोड़ रुपये
7.	कर्मचारियों/पदाधिकारियों की संख्या	14
8.	दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरणों (लागू/विकल्प के मामले में वैकल्पिक वित्तीय विवरण सहित अंतिम विवरण निगमीकरण मुख्यालय पर उपलब्ध है।	नजदीकी वर्ष से प्रारंभ की जा सकती है:- www.cirpcfmblmptollroad.com
9.	संहिता की धारा 25(2)(ए) के तहत समाधान आवेदकों के लिए योग्य मांग मुख्यालय पर उपलब्ध है:	नजदीकी वर्ष से प्रारंभ की जा सकती है:- www.cirpcfmblmptollroad.com
10.	दावे की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि	04-04-2025
11.	संभावित संकल्प आवेदकों की अंतिम सूची तैयार करने की तिथि	14-04-2025
12.	अंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	19-04-2025
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तारीख	29-04-2025
14.	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना प्रारंभ, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तारीख	04-05-2025
15.	समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	03-06-2025
16.	यदि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल आईडी उल्लेख	cirpcfmblmptollroad@gmail.com
17.	एमबीएलएमपी के तहत ने कॉर्पोरेट देनदार की पंजीकृत स्थिति का विवरण	पंजी. नं. LDYAM-01-09-0002473 प्रकार: Micro (Services)

हस्ता/-
पीयूष मूना
रिजोल्यूशन प्रोफेशनल (हीरा)
एमबीएल (एमपी) टोल रोड कंपनी लिमिटेड के मामले में
पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P00990/2017-2018/11630
पदनाम वैधता 31.12.2025 तक
यूनिट 1406-बी, 14वीं मंजिल, आइकोनिक टावर - बोरीवली, ए-41, सेक्टर 62, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201301

दिनांक: 20-03-2025
स्थान: नोएडा

ईमेल: piyushmoona@gmail.com; cirpcfmblmptollroad@gmail.com